हे शम्भू बाबा मेरे भोले नाथ,
श्लोक शिव नाम से है,
जगत में उजाला,
हरी भक्तो के है,
मन में शिवाला।

हे शम्भू बाबा मेरे भोले नाथ,
तीनो लोक में तू ही तू,
श्रद्धा सुमन मेरा, मन बेल-पतरी,
जीवन भी अर्पण कर दूँ,
हे शम्भु बाबा मेरे भोले नाथ।।

जग का स्वामी है तू,
अंतरयामी है तू,
मेरे जीवन की,
अनमिट कहानी है तू,
तेरी शक्ति अपार,
तेरा पावन है द्वार,
तेरी पूजा ही मेरा जीवन आधार,
धुल तेरे चरणों की लेकर
जीवन को साकार किया,
हे शम्भु बाबा मेरे भोले नाथ।।

मन में है कामना,

कुछ मैं और जानू ना,
ज़िन्दगी भर करू तेरी आराधना,
सुख की पहचान दे,
तू मुझे ज्ञान दे,
प्रेम सब से करूँ ऐसा वरदान दे,
तुने दिया बल निर्बल को,
अज्ञानी को ज्ञान दिया,
हे शम्भु बाबा मेरे भोले नाथ।।

हे शम्भु बाबा मेरे भोले नाथ,
तीनो लोक में तू ही तू,
श्रद्धा सुमन मेरा, मन बेल-पतरी,
जीवन भी अर्पण कर दूँ,
हे शम्भु बाबा मेरे भोले नाथ।।

Source: https://www.bharattemples.com/he-shambhu-baba-mere-bholenath/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw